मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

# जामिया के शूटिंग प्लेयर्स ने किया 48वीं उत्तर प्रदेश राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन

नई दिल्ली, 12 सितंबर, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के शूटिंग प्लेयर्स ने उल्लेखनीय कौशल, बुद्धि-प्रखरता और प्रशिक्षण का प्रदर्शन करते हुए हाल ही में संपन्न 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से संस्थान का नाम रोशन किया। यह चैंपियनशिप 30 अगस्त, 2025 से 7 सितंबर, 2025 तक जयपुर (राजस्थान) में यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित की गई थी।

बी.ए. (ऑनर्स) हिंदी, द्वितीय वर्ष (विश्वविद्यालय शूटिंग प्लेयर) के छात्र अज़ीम ने 48वीं यूपी स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक (इवेंट: 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल) और रजत पदक (इवेंट: 50 मीटर फ्री पिस्टल) जीता।

इसी चैंपियनशिप में, एम.कॉम. के छात्र सैयद मोहम्मद उमर पीरज़ादा ने भी स्वर्ण पदक (इवेंट: 50 मीटर फ्री पिस्टल) जीता। (बिजनेस मैनेजमेंट) प्रथम वर्ष (विश्वविद्यालय शूटिंग प्लेयर) ने स्वर्ण पदक (इवेंट: 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल) और कांस्य पदक (इवेंट: 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल) जीता।

जेएमआई के एक अन्य छात्र, फैज़ रहमान, बीए (ऑनर्स) मास मीडिया हिंदी, तृतीय वर्ष (विश्वविद्यालय शूटिंग प्लेयर) ने चैंपियनशिप में कांस्य पदक (इवेंट: 32 सेंटर फायर पिस्टल) जीता।

जेएमआई के कुलपति प्रो. मज़हर आसिफ़ ने तीनों विश्वविद्यालय खिलाड़ियों को बधाई दी और राज्य चैंपियनशिप की विभिन्न स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान और पदक हासिल करने के उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे अन्य एथलीट्स को अपने-अपने खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेंगे। प्रो. आसिफ़ ने कहा कि उनकी जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाती है बल्कि उनके द्वारा प्राप्त उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण का भी उदाहरण है।

जेएमआई के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी ने तीनों शूटिंग खिलाड़ियों की प्रशंसा की और उनके आगामी टूर्नामेंटों के लिए शुभकामनाएँ दीं ताकि वे जेएमआई का नाम रोशन करते रहें। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है।

जेएमआई के मानद निदेशक (खेल-कूद एवं क्रीड़ा) प्रो. नफीस अहमद ने तीनों खिलाड़ियों को बधाई दी और उन्हें दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत और सच्चे प्रयासों के साथ अपने असाधारण प्रदर्शन को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने उन्हें अपना पूरा समर्थन देने का आश्वासन दिया।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी